## एक नजर में

### थाना राजगढ़ पुलिस की त्वरित कार्रवाई
### हत्या के मामले में 24 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार

**सरदारपुर ।** पुलिस अधीक्षक धार सचिन शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारुल बेलापुरकर के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सरदारपुर विश्वदीप सिंह परिहार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजगढ़ समीर पाटीदार के नेतृत्व में थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

**संक्षिप्त विवरण**-दिनांक 07.07.2026 को थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकरपुरा, राजगढ़ निवासी कमलेश पिता नानूराम खराड़ी द्वारा अपनी पत्नी हिना खराड़ी की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी गई। हत्या करने के बाद आरोपी ने शव को घर में रखी बिस्तर पेटी में छिपा दिया तथा स्वयं उसी के ऊपर सो गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही थाना राजगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी कमलेश खराड़ी को उसके घर से ही गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने पत्नी के चरित्र पर संदेह एवं अवैध संबंधों की आशंका के चलते हत्या करना स्वीकार किया।

**पुलिस कार्रवाई**-थाना राजगढ़ पर अपराध क्रमांक 308/2026 के तहत धारा 103(1), 238(ड्ड) भारतीय न्याय संहिता (ह्वहस्) में प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी कमलेश पिता नानूराम खराड़ी, निवासी शंकरपुरा, राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा (जेल) भेजने की कार्रवाई की गई।

**सराहनीय भूमिका**-संपूर्ण कार्रवाई में उप निरीक्षक जूली अमलियार, निहाल सिंह दंडोतिया, सहायक उप निरीक्षक सुनील राजपूत, जितेन शाकला, प्रधान आरक्षक विपिन कटारा, आसिफ शेख, आरक्षक दिलीप डुडवे, अंकित रघुवंशी, अमर चौधरी तथा सैनिक रतन की सराहनी?

### किसान इरिगेशन की इकाई का किया लोकार्पण




**धार ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में किसान इरिगेशन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की चौथी नवीन विनिर्माण इकाई का फीता खोल कर और रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने फैक्ट्री परिसर स्थित शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना भी की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन इकाई का अवलोकन किया और पाइप निर्माण में उपयोग की जा रही अत्याधुनिक मशीनों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कंपनी द्वारा कृषि, सिंचाई और जल प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कंपनी प्रबंधन को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र मध्यप्रदेश की औद्योगिक शक्ति का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा कि किसान इरिगेशन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड जैसी कंपनियां प्रदेश में निवेश, रोजगार और तकनीकी प्रगति को नई दिशा दे रही हैं। फ्रमध्यप्रदेश सरकार उद्योगों के विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान कर रही है। हमारी प्राथमिकता है कि उद्योगों के माध्यम से युवाओं को रोजगार मिले, किसानों को आधुनिक तकनीक उपलब्ध हो और प्रदेश आर्थिक रूप से और अधिक मजबूत बने।फ्रमुख्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई और जल संरक्षण के क्षेत्र में आधुनिक पाइप, ड्रिप और स्प्रिंकलर इरिगेशन सिस्टम किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह नई इकाई कृषि क्षेत्र में जल प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कंपनी प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उद्योगों का विस्तार केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास का भी आधार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई विनिर्माण इकाई के प्रारंभ होने से पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को और गति मिलेगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा प्रदेश में कृषि और जल प्रबंधन से जुड़े आधुनिक उत्पादों के उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश उद्योग, कृषि और तकनीक के समन्वय से विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।इस अवसर पर धार विधायक नीना वर्मा, जनप्रतिनिधि नीलेश भारती, श्रवण चावड़ा, कंपनी के सीएमडी रमेश अग्रवाल, एमडी श्री कुणाल अग्रवाल, वाइस प्रेसिडेंट प्रदीप मिश्रा, विजय टेलर, श्री रत्नेश कौरव, एस.पी. सिंह, इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, आईजी अनुराग तथा धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### आदित्य टेक्नो फेब की द्वितीय यूनिट का किया उद्घाटन




**धार ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को धार जिले के औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर के सेक्टर-3 स्थित एटीएफसी आदित्य टेक्नो फेब प्राइवेट लिमिटेड की द्वितीय विनिर्माण इकाई का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कंपनी परिसर का अवलोकन किया तथा आधुनिक मशीनों एवं उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी कंपनी के पदाधिकारियों से प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने नई इकाई के शुभारंभ पर कंपनी प्रबंधन को शुभकामनाएं देते हुए इसे प्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस अवसर पर धार विधायक नीना वर्मा, स्थानीय जनप्रतिनिधि नीलेश भारती, श्रवण चावड़ा, कंपनी के चेयरमैन सुनेर सिंह छड़ोदी, डायरेक्टर श्री धीरेन्द्र छड़ोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर श्री लक्ष्मीनारायण छड़ोदी, ज्वाइंट डायरेक्टर श्री राजेश राजपूत, अतुल जैन, विक्रांत पटेल, श्री पी.डी. शर्मा, इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग तथा कलेक्टर धार राजीव रंजन मीना सहित उद्योग जगत के अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में रेलवे अधोसंरचना के विस्तार और आधुनिकीकरण का कार्य अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है। रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए आधुनिक तकनीक और स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पीथमपुर का औद्योगिक क्षेत्र देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में अपनी पहचान बना चुका है। यहां स्थापित उद्योग न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति दे रहे हैं, बल्कि हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित कर रहे हैं। एटीएफसी आदित्य टेक्नो फेब प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रेलवे क्षेत्र से जुड़कर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का निर्माण किया जाना मालवा अंचल के साथ-साथ पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरव की बात है।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



## मेरा युवा भारत पोर्टल पर जिला सलाहकार समिति की बैठक

**धार।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी तथा जिला सलाहकार समिति (*MY Bharat*) के अध्यक्ष श्री राजीव रंजन मीना के निर्देशानुसार, आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में %मेरा युवा भारत% पोर्टल के माध्यम से 15 से 29 वर्ष के युवाओं के अधिकतम पंजीकरण, विभागीय समन्वय और वार्षिक कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।युवाओं को अवसर प्रदान करने पर जोरबैठक को संबोधित करते हुए जिला युवा अधिकारी सुश्री दीर्घा राजावत ने बताया कि युवाओं को प्रशासनिक, न्यायिक, औद्योगिक, तकनीकी एवं विकासात्मक संस्थाओं से जो?ने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, ग्राम पंचायतों एवं गैर-सरकारी संगठनों (ह्लत्रह्र्य) से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक युवाओं का पोर्टल *www.mybharat.gov.in* पर पंजीकरण सुनिश्चित कराएं।

### वार्षिक कार्ययोजना और समन्वय



बैठक में एनुअल एक्शन प्लान के तहत आयोजित होने वाले एक्सपिरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम एवं अन्य कोर प्रोग्राम्स के सफल संचालन हेतु विभिन्न विभागों की भूमिका और उत्तरदायित्व निर्धारित किए गए। निर्णय लिया गया कि युवा सहभागिता ब?ाने के लिए विभागीय

## केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर से केमिस्ट एसोसिएशन की शिष्टाचार भेंट

▸ सांसद एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर से धार जिला केमिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की।



**धार .** आज सर्किट हाऊस में केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवम बालविकास श्रीमती सावित्री ठाकुर से जिला केमिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की जिसमे धार जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक शास्त्री एवं सचिव आशीष बांगर के साथ नगर अध्यक्ष विनीत खत्री शामिल थे। भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने देशभर में अवैध रूप से संचालित ऑनलाइन फार्मेसी के गंभीर विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की तथा इस संबंध में एक ज्ञापन भी माननीय मंत्री महोदया को सौंपा। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक शास्त्री ने विशेष रूप से त्स्क्र 817 एवं त्स्क्र 220 के दुरुपयोग का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए इनके तत्काल निरस्तीकरण हेतु केंद्र सरकार से हस्तक्षेप का आग्रह किया।वहीं एसोसिएशन के सचिव आशीष बांगर ने अवगत कराया कि अनेक अवैध ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना चिकित्सकीय प्रिस्क्रिप्शन के शेड्यूल ॥1 दवाइयाँ, कफ सिरप, नशीली एवं आदत डालने वाली दवाइयाँ तथा अन्य प्रिस्क्रिप्शन आधारित दवाइयाँ खुलेआम उपलब्ध करा रहे हैं। यह न केवल फार्मेसी व्यवसाय के लिए गंभीर चुनौती है, ।मंत्री सावित्री ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए सभी विषयों को गंभीरता से सुना, ज्ञापन का अवलोकन किया।

उक्त जानकारी एसोसिएशन के पी आर ओ निलेश जैन ने दी ।

## शहीद राठौर की 25 वीं पुण्यतिथि रजत जयंती के रूप में आज पाना में मनाएँगे

▸ जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक व मीडिया कर्मी देंगे श्रद्धांजलि



**नागदा( धार )**-अमर शहीद नायब सूबेदार रविंद्र सिंह राठौर की 25 वी पुण्यतिथि गुरुवार को आज उनके पेत्रक गांव पाना में प्रातः 9-30 बजे मनाई जाएगी। बलिदानी राठौर की की शहादत को शहीद रविंद्र सिंह राठौर स्मृति संस्था के बैनर तले स्मारक स्थल एवं प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। गुरुवार को प्रातः सा? 9 बजे बलिदानी राठौर की धर्मपत्नी प्रताप कुंवर राठौर परिजन सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, राजस्व विभाग सहित विभिन्न संगठन के पदाधिकारी व राष्ट्रभक्त उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे गौरतलब है कि शहीद रविंद्र सिंह राठौर 9 जुलाई 2001 को जम्मू कश्मीर के सुरनकोट तहसील के जंगलों में सेना के विशेष अभियान ऑपरेशन रक्षक का नेतृत्व करते हुए आतंकियों का मुकाबला करते हुए तीन आतंकियों को मार गिरा कर वीरगति को प्राप्त हो गए थे। बलिदानी राठौर का जन्म बदनावर तहसील के अंतिम छोर पर बसे छोटे से गांव पाना में नाथू सिंह राठौर के यहां हुआ था। रविंद्र सिंह राठौर बचपन से ही देश सेवा के प्रति उत्सुक रहे एवं सेवा में भर्ती होने के लिए निरंतर प्रयास करते रहे। आप 1 जनवरी 1979 को पेरा रेजीमेंट में चयनित होकर बैंगलोर से प्रशिक्षण प्राप्त कर आगरा में पदस्थ हुए।

### हॉस्टल में घटिया सामग्री से किया गया रिपेयर कलर भी धुल गया

**गंधवानी ।** जनजाति कार्य विभाग के द्वारा हॉस्टलों में टेंडर लगाकर मरम्मत का काम किया जाता है लेकिन उनमें गुणवत्ता बिल्कुल भी नहीं रहती है ताजा मामला गंधवानी के अवलदा के सीनियर हॉस्टल का सामने आया है यहां पर पुराने भवन को रिपेयर किया गया है और उस पर रंगाई पुताई की गई है रंगाई पुताई ज्यादा दिन तक टिक नहीं पाई और वर्तमान में धूल गई है यहां पर काम की क्वालिटी भी कोई खास नहीं है वही ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य को अधूरा ही छोड़ दिया गया है पानी का चैंबर दरवाजे और अन्य चीज ऐसी ही पड़ी हुई है जिससे प्रतीत होता है जनजाति कार्य विभाग द्वारा मरम्मत के काम में ठीक से काम नहीं कराया जाता मामले में जानकारी ली तो पता चला कि राजगढ़ के ठेकेदार द्वारा इसका काम किया गया । शिक्षा समिति उपाध्यक्ष सावित्रीबाई मंडलोई ने बताया कि काम की शिकायत मुझे भी प्राप्त हुई है मामले में अधिकारियों से चर्चा करूंगी और व्यवस्थित कार्य करने के लिए प्रयास करूंगी क्योंकि बार-बार मरम्मत के काम नहीं होते यहां की शिकायत मिल चुकी है।

## श्री मांडवगढ़ तीर्थ के अध्यक्ष रमेश मुथा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया

**पंचपादरा** रिफाइनरी के उदघाटन समारोह के अवसर पर ऐतिहासिक मांडवगढ़ तीर्थ, अमीझरा तीर्थ एवं नाकोड़ाजी तीर्थ के अध्यक्ष, जीरावला तीर्थ के उपाध्यक्ष रमेशजी मुथा को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रिफाइनरी के सभागार में आगमन पर उनके स्वागत एवं अभिवादन के लिये राजस्थान के राज्यपाल, राजस्थान मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, राजस्थान राज्य के अनेक मंत्री, राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित अनेक विशिष्ट



जनों के साथ ी रमेशजी मुथा भी उपस्थित रहे, उपरोक्त जानकारी देते हुए मांडवगढ़ महातीर्थ के ट्रस्टी, अमिझरा तीर्थ सहलाकार मंडल सदस्य, नवरत्न परिवार के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने बताया कि श्री रमेशजी मुथा के अध्यक्षीय नेतृत्व में मांडवगढ़ महातीर्थ एवं अमीझरा महातीर्थ में करोड़ों की लागत से नयनाभिराम जिनालय का निर्माण कार्य चल रहा है,

### ▸ माडवगढ़ जिनालय का कार्य पूर्णता की ओर

जिसमें मांडवगढ़ जिनालय का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। पंचशिखरिय नयनाभिराम जिनालय की प्रेरणा परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री अशोकसागर सुरीश्वरजी म.सा. एवं जिनालय परिकल्पनाकर्ता परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री सौम्यचंद्रसागर सुरीश्वरजी म.सा. हैं। जिनालय की शिल्पकला ओडिशा के कलाकारों द्वारा करवाई जा रही है एवं द्विमंजिला जिनालय का स्तंभरहित रंगमंडप उसकी शोभा और ब?। देता है। जिनालय प्रतिष्ठा 18 फरवरी 2027 (गुरुवार) को शुभ मुहूर्त में सम्पन्न होगी। जिनालय प्रतिष्ठा की भव्यतम तैयारियां चल रही हैं, प्रतिष्ठा महोत्सव में जिनशासन के अनेक भामाशाह, विशिष्ट राजनीतिक हस्तियां एवं देश विदेश से हजारों की तादाद में साधर्मिकजन पधारेंगे। इसी तारतम्य में प्रतिष्ठा के जाजम - चढ़ावे दिनांक 16.08.2026 (रविवार) को मुंबई के विले पार्ले (ईस्ट) संघ में, मुंबई में चातुर्मासार्थ विराजित अनेक साधु भगवंतों की निश्रा में होंगे।

## अलग-अलग मामलों में चार लोगों की मौत

**इंदौर. शहर और आसपास के क्षेत्रों में आत्महत्या के चार अन्य मामले भी सामने आए हैं. लसूड़िया थाना क्षेत्र की ग्रीन पैलेस कॉलोनी में हाउसकीपिंग का काम करने वाले 18 वर्षीय सोनू का शव फंदे पर लटका मिला. वह मूल रूप से विदिशा का रहने वाला था और करीब 18 दिन पहले ही नौकरी के लिए इंदौर आया था. पुलिस को उसकी जेब से 150 रुपए और एक डॉलर मिला है.**

उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण फिलहाल सामने नहीं आया है. वहीं देपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ी निवासी 60 वर्षीय पन्नालाल ने एसिड पी लिया. अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, वे मजदूरी करते थे. बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम दौलताबाद निवासी 22 वर्षीय रोहित ने जहरीला पदार्थ खा लिया था. उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया. इसके अलावा सांवेर क्षेत्र में दीपक और ग्राम निपानिया निवासी कलम उर्फ कमल मेहड़ा ने अलग अलग स्थानों पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सभी मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

## जनसुनवाई : पारिवारिक विवाद और जमीन संबंधी शिकायतें ज्यादा आईं

▸ पुलिस जनसुनवाई में 110 आवेदक पहुंचे अपनी फरियाद लेकर

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पुलिस कमिश्नर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 110 आवेदक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे. सबसे ज्यादा मामले पति पत्नी और बेटा बहू के विवाद, पैसों के लेन देन, प्लॉट मकान और जमीन संबंधी धोखाधड़ी, फाइनेंशियल फ्रॉड, दुकान पर कब्जा तथा महिला अपराध से जुड़े रहे. पुलिस कमिश्नर ने एक एक आवेदक की शिकायत सुनकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए.**



जनसुनवाई के दौरान कई फरियादियों ने शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने की बात भी रखी, जिस पर पुलिस कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए लंबित मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए. कई मामलों में अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर तो कुछ मामलों में फोन पर निर्देश देकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई. इस दौरान सभी जोन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. शिकायतों की गंभीरता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि प्रत्येक शिकायत पर निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

## एक नजर में

▸ जिला कार्यकम अधिकारी रामनिवास बोधलिया को ज्ञापन सौंपा

## आउटसोर्स संयुक्त मोर्चा अंशकालीन कर्मचारी संगठन अपनी मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**सरदार ।** संगठन के जिला पतिनिधि जिला मंडल ने जिला अध्यक्ष भारत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बोधलिया को गत दिवस जिला धार में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं का 7 बिंदु का ज्ञापन रामनिवास डीपीओ को दिया गया।

जिसमें अंशकालीन कर्मचारी संगठन शासन द्वारा मान्यता प्राप्त के जिला अध्यक्ष भरत सिंह ठाकुर ने वाचन करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं का शासकीय दर्ज शासकीय कर्मचारी के भांति



पेंशन ग्रेच्युटी एवं रिटायरमेंट पर 5 लाख कार्यकर्ता को एवं सहायिका को 3 लाख एवं भारत सरकार द्वारा पेंशन की उम्र की गई है राज्य सरकार में भी अति शीघ्र लागू की जाए यह ज्ञापन मान्य प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम पर दिया गया जिसमें संगठन ने मांग की है कि वर्तमान में जबलपुर न्यायालय ने कार्यकर्ता सहायिकाओं को वर्ष 19 20 23 का मानदेय बढ़ाया गया था उसका एरियल आज तक नहीं दिया गया तत्काल एरियल की मांग करते हुए न्यायालय का आदेश शासन को लागू कर विभाग को दिशा निर्देश जारी किया जाए प्रधानमंत्री यूपी में घोषणा की गई थी कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को मानदेय 18000 दिया जाएगा लेकिन आज तक नहीं न्यायालय ने अभी श्रम कानून के अंतर्गत न्यूनतम वेतनमान समान कार्य समान वेतन ?26000 वेतन कार्यकर्ता सहित कार्यकर्ता को दिया जाए कार्यकर्ता 21 योजनाओं का कार्य महिला बाल विकास का किया जा रहा है संवाद करते हुए घर-घर तक सेवाएं पहुंच रहे हैं राष्ट्रीय पल्स पोलिया चुनाव अन्य कार्य में भी काम किया जाता है संसद मे

भी सिफारिश की गई की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का मानदेय प्राइमरी शिक्षक के समान होना चाहिए संगठन ने मांग की है एक टीचर से अधिक कार्य किया जाता है बच्चों का निर्माण भविष्य उज्जवल किया जाता है जो देश के हित में काम आते हैं इस ज्ञापन के उपस्थिति में जिला संगठन के पदाधिकारी प्रेम पटेल संजय प्रजापत गणेश कटारे तारा ठाकुर दया भूरिया निर्मला पाटीदार आदि ने ज्ञापन का दिया गया ज्ञापन संगठन की जिला की महिला एवं बाल विकास अंशकालिक महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष ममता ठाकुर द्वारा दी गई और आभार जिला महामंत्री सजन लाल मेहरा ने माना